**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Regarding increasing soil salinisation and desertification in Banaskantha Parliamentary Constituency.

**श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा):** आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने की अनुमति दी है । मेरे संसदीय क्षेत्र में किसानों को बहुत दिक्कत है, उनके बारे में आपने मुझे बात करने का मौका दिया है । मेरे संसदीय क्षेत्र थराड और वाव तहसील में किसानों की जमीन खारी हो रही है, डेजर्ट रन भी आगे बढ़ रहा है । अब किसान यह सोच रहे हैं कि हम यहां से कहां जाएं?

मैं आपके माध्यम से कृषि मंत्रालय का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि मेरे इलाके में जो जमीन खारी हो रही है और डेजर्ट भी आगे बढ़ रहा है, उनके लिए सरकार गंभीरता से सोचे और डेजर्ट रन बढ़ने से रोका जाए और खारी जमीन के लिए कुछ किया जाए ।

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री परबतभाई सवाभाई पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।